जिला पंचायत राज अधिकारी,
फतेहपुर।

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,
जनपद–फतेहपुर।

पत्रांकः 1548/7–पं0 / एस0बी0एम0जी0 / 2025–26 / दिनांक 29/05/2025

**विषय :** <u>प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित कराये जाने वाली सड़कों में वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग हेतु मांग उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।</u>

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय के पत्र संख्या–4203 / दिनांक 10.01.2025 द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत निर्मित मार्गों में वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग किये जाने हेतु अपशिष्ट प्लास्टिक की मानक स्थिति सहित डिमाण्ड जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे साथ ही उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कार्यालय के पत्र संख्या–5365 / दिनांक 21 फरवरी, 2025 के द्वारा जनपद–फतेहपुर में 53 कि0मी0 मार्गों हेतु प्लास्टिक अपशिष्ट की आवश्यकता की सूचना प्रदान की गयी है। किन्तु आपसे जिला सलाहकार से फोन से वार्ता करने पर प्लास्टिक अपशिष्ट की आवश्यकता टेकेदार की मांग के उपरान्त प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है। जबकि मिशन निदेशक महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) द्वारा प्रधानमंत्री सडक निर्माण में प्लास्टिक उपयोग की नियमित समीक्षा की जा रही है।

अतः आपको इस आशय से पत्र प्रेषित है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित कराये जाने वाले मार्गों हेतु प्लास्टिक अपशिष्ट की आवश्यकता की डिमाण्ड 02 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(उपेन्द्र राज सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी,
फतेहपुर।

पत्रांकः /7–पं0 / एस0बी0एम0जी0 / 2025–26 / दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक महोदय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय फतेहपुर की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय फतेहपुर की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ।
5. खण्ड विकास अधिकारी, देवमई एवं विजयीपुर।
6. सहायक विकास अधिकारी (पं0), देंवमई एवं विजयीपुर।

जिला पंचायत राज अधिकारी,
फतेहपुर।